INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 8 (3rd Lang) | Department: Hindi | Month: April-2025-3rd/4th week |
|---|---|---|
| **Worksheet No:1** | **Topic: अर्थग्रहण** | **Note: File it in your portfolio** |

निर्देश- दिए गए प्रश्नों के उत्तर अनुच्छेद के आधार पर चुनकर लिखिए |

पेड़-पौधे धरती पर जीवन के लिए वरदान हैं। ये पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं तथा मानव जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़-पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो जीवन के लिए आवश्यक है। यह वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पृथ्वी को ठंडा रखने और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। पेड़-पौधों में भोजन का निर्माण प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया द्वारा होता है| पेड़-पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया पत्तियों द्वारा होती है| पेड़-पौधे शुद्ध वायु प्रदान करते हैं साथ ही जल चक्र को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इनके बिना प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाएगा।

पेड़-पौधे हमारी दैनिक जरूरतों को पूरा करते हैं, इसके अलावा विभिन्न औषधीय गुण भी प्रदान करते हैं। इनके पत्ते, छाल, जड़ें और फूल दवाइयों के निर्माण में उपयोगी होते हैं। पेड़-पौधों से फल, सब्जियाँ, अनाज और दालें प्राप्त होती हैं, जो हमारे आहार का मुख्य हिस्सा हैं। पेड़-पौधों की सुंदरता हमारी मानसिक शांति में भी सहायक होती है। हालांकि, आधुनिक विकास और शहरीकरण के कारण पेड़ों की कटाई बढ़ती जा रही है, जिससे पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसके कारण मिट्टी का कटाव, बाढ़ और सूखा जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि पेड़-पौधों का संरक्षण न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। इसलिए हम सभी को पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रोकने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। यदि हम पेड़-पौधों की सुरक्षा

पर ध्यान नहीं देंगे, तो पृथ्वी का भविष्य संकट में पड़ सकता है। इसलिए प्रकृति के इस अनमोल उपहार को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है।

प्र1- पेड़-पौधों से हमें कौन सी गैस मिलती है जो जीवन के लिए आवश्यक है?

- कार्बन डाइऑक्साइड
- नाइट्रोजन
- ऑक्सीजन
- हाइड्रोजन

प्र2-पेड़-पौधों में भोजन का निर्माण किस प्रक्रिया द्वारा होता है?

- श्वसनद्वारा
- प्रकाश संश्लेषण द्वारा
- पाचन द्वारा
- उत्सर्जन द्वारा

प्र3-पेड़-पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया किसके द्वारा होती है?

- जड़ों द्वारा
- शाखाओं के द्वारा
- पत्तियों के द्वारा
- फूलों के द्वारा

प्र4-फल, सब्जियाँ, अनाज और दालें हमें कहाँ से प्राप्त होती हैं?

- पेड़-पौधों से
- पशु-पक्षियों से
- जलीय जीवों से
- बादलों से

प्र5-मिट्टी का कटाव, बाढ़ और सूखा जैसी समस्याएँ क्यों उत्पन्न हो रही हैं?

- पेड़ों के बढ़ने के कारण
- पेड़ों की कटाई के कारण
- शहरों के बढ़ने के कारण
- जनसंख्या बढ़ने के कारण

प्र6-पृथ्वी का भविष्य संकट में क्यों पड़ सकता है?

- पेड़ों के कटने के कारण
- पेड़ों के रहने के कारण
- शहरों के घटने के कारण
- गाँवों के बढ़ने के कारण

xxx